अग्रवाल कॉलेज बढ़ाएगा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के अभियान को

दिनांक : 16.12.17 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के स्वच्छता सेनानी के लगभग 150 कार्यकर्ताओं ने 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का उदघोष करते हुए एक रैली निकाली। स्वच्छता का मानव जीवन में बहुत महत्व है यदि कोई व्यक्ति स्वच्छता के महत्व को स्वीकार करते हुए स्वच्छता पर ध्यान देता है तो परिवार स्वच्छ एवं स्वस्थ रहेगा । यदि परिवार में यह भावना है तो समाज स्वस्थ रहेगा। समाज से शहर, शहर से प्रांत, प्रांत से प्रदेश और प्रदेश से पूरे देश में यह स्वच्छता की भावना फैल जाएगी और हमारा देश स्वतः ही स्वस्थ एवं स्वच्छ हो जाएगा । इसी जागरूकता की भावना से अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता जी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की ।

अग्रवाल महाविद्यालय के तीनों संभागों के अधिकारी डॉ. संजीव गुप्ता (संभाग–II), डॉ. सारिका कांजलिया (संभाग–I), डॉ. ऊषा चौधरी (संभाग–III) के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त स्वच्छता सेनानियों ने इस रैली में भाग लिया। यह रैली बल्लबगढ़ के अम्बेड़कर चौक से प्रारंभ होकर पंचायत भवन एवं मुख्य बाज़ार से होते हुए निकाली गई। इन कार्यकर्ताओं ने सड़क के किनारे झोंपड़ी–झुग्गी में रहने वाले लोगों को स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए अनेक जानकारियाँ दी और सफाई की ।

इस रैली में विद्यार्थी कार्यकर्ताओं में पंकज, शुभम, अशवनी, आयुषी, मानसी, दीपिका आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता जी ने स्वच्छता सेनानी के समस्त अधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की और साथ ही भविष्य में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया ।